कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।
(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर–831001)
दूरभाष संख्या– 0657–2231017, फैक्स–0657–2231017, ई–मेल– dfo-jamshedpur@gov.in

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांकः 2588 /जमशेदपुर          दिनांकः 14/08/2019

सेवा में,

महाप्रबंधक (खान)
हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
इण्डियन कॉपर कॉम्प्लेक्स
घाटशिला।

विषय :– मेसर्स हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, मुसाबनी को नवीकृत खनन पट्टा 203.62 में से 47.49 हे० सतही क्षेत्र के लिये जो खनिज क्षेत्र है तथा 142.25 हे० भूमिगत खनन के लिये कुल 189.74 हे० वनभूमि अपयोजन नवीकरण का प्रस्ताव के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या 8–64/93 FC दिनांक 15.05.1998 द्वारा विषयक परियोजना हेतु 47.49 हेक्टर सतही एवं 142.25 हे० भूमिगत कुल 189.74 हे० वनभूमि अपयोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी थी।

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र संख्या F. No. 11-51/2015-FC दिनांक 15.04.2015 की कंडिका 3(1) में उल्लेखित शर्तों के आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण से एन.पी.वी. राशि वसूलनीय है।

एन.पी.वी. राशि की गणना प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची के पत्र संख्या 3068 दिनांक 25.08.2008, वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, जमशेदपुर ज्ञापांक 414 दिनांक 26.02.2016 तथा दिनांक 25.06.2019 को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम, जमशेदपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में लिये गये निर्णय एवं उनके ज्ञापांक 2732 दिनांक 10.08.2019 (छायाप्रति संलग्न) के दिशा निर्देश के आलोक में की जा रही है। संबंधित पत्र के अनुसार प्रस्तावित स्थल इको क्लास III के अन्तर्गत आता है।

1. इको क्लास III
2. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि का घनत्व – 0.45
3. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वन भूमि – 189.74 हे०

| | | |
|---|---|---|
| a. सतही वनभूमि 47.49 हे० X @803000/– प्र० हे० | = | 38134470.00 |
| b. भूमिगत वनभूमि 142.25 हे० X @803000/– प्र० हे० ÷ 2 | = | 57113375.00 |
| कुल | = | 95247845.00 |
| पूर्व में भुगतान की गई राशि (-) | = | 35863540.00 |
| अवशेष भुगतेय राशि | = | 59384305.00 |

अतः आपसे अनुरोध है कि एन.पी.वी. की अवशेष भुगतेय राशि 5,93,84,305/– (पाँच करोड़ तीरानवे लाख चौरासी हजार तीन सौ पाँच रूपया) मात्र राशि कैम्पा कोष में E-Portal (https://parivesh.nic.in) के माध्यम से स्थानान्तरित कर अभिलेख समर्पित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन
14/8/19

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
जमशेदपुर वन प्रमण्डल,
जमशेदपुर।
14/8/19

C:\drive D\Sale-Section2\Application_2011-13\M/s hindustaan coper ltd. fd 14-08-2019.doc

Scanned with CamScanner